Seventeenth Loksabha

an>

Title: Re. Establishment of Jharna-Naudha Halt Stations in Bakhtiyarpur-Rajgir-Gaya Railway Section.

श्री चन्देश्वर प्रसाद (जहानाबाद) : सभापति महोदया, मेरे संसदीय क्षेत्र जहानाबाद अंतर्गत पूर्व मध्य रेल दानापुर मंडल में बख्तियारपुर-राजगीर-गया रेल खंड (वाया जेठियन) पर झरना-नौडीहा हॉल्ट या उप स्टेशन बनाना अति आवश्यक है । क्योंकि हॉल्ट बन जाने से क्षेत्र के निम्न गावों सहित काफी गावों को फायदा होगा और वे रेल सुविधा एवं विकास से जुड़ जाएंगे । इनमें ग्राम झरना-नौडीहा, महादलित आदर्श ग्राम सोवरन विगहा, जमुनापुर, सीतारामपुर, पंडितपुर सोहारी, ऐर, विकेयपुर, चरबारा, मंझौली हैं । नटेसर जंक्शन से यह प्रस्तावित हॉल्ट 5 कि.मी. की दूरी एवं जेठियन स्टेशन से 10 कि.मी. की दूरी पर स्थित है । यहां हॉल्ट बनने से भारत सरकार रेल मंत्रालय के लिए भी अधिक लाभकारी सिद्ध होगा । झरना धाम एक पर्यटक स्थल भी है । इस धाम पर दूर-दूर से पर्यटक आते हैं तथा शुभ कार्य एवं विवाह समारोह का आयोजन होता है । इस स्थान पर प्राकृतिक रूप से ठंडे जल का झरना बहता है । अतः पर्यटन के दृष्टिकोण से भी झरना हॉल्ट की अति आवश्यकता है । मेरा माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि उक्त स्थान पर स्थाई रूप से झरना हॉल्ट अथवा उप स्टेशन का दर्जा देकर निर्माण कराने की कृपा करें, जिससे सभी ग्रामवासी रेल सुविधा का लाभ ले सकें एवं विकास से जुड़ सकें ।